तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 जुलाई 2024

11 पाटेश्वर धाम पहुंचे डिप्टी सीएम, बड़े जुंगेरा के ग्रामीणों के ...



12 झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे





## खबर संक्षेप

### निकुम में युवक ने लगाई फांसी

**बालोद/निकुम।** अंडा थाना क्षेत्र के ग्राम निकुम पुरानी बस्ती में



अज्ञात कारणों से सोमवार को 21 वर्षीय युवक प्रेमप्रकाश साहू ने अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। अंडा पुलिस के एएसआई दिनेश वर्मा ने बताया कि मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्डम कराने दुर्ग मरच्युरी भेजा गया है। उन्होंने कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है।

### कलेक्टोरेट जाने के लिए जल्द मिलेगी ई-रिक्शा की सुविधा



**बालोद।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री, गृहमंत्री तथा बालोद जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के पहली बार बालोद पहुंचने पर भाजपा जिला कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। गृह मंत्री ने वहां कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक के दौरान महिला मोर्चा महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने उन्हें बताया कि कलेक्टोरेट जाने में आमजनों को बड़ी मुश्किलों और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि कलेक्टोरेट बालोद शहर से बाहर काफी दूर पड़ता है। डॉ टुवानी ने उनसे आग्रह किया कि आम जनों के लिए कलेक्टोरेट जाने के लिए ई रिक्शा की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। यह सुविधा उन्हें बस स्टैंड और झलमला चौक से उपलब्ध करवाई जाए। श्री शर्मा ने जल्द से जल्द सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ बालोद की बैठक कल

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला बालोद की बैठक 17 जुलाई को दोपहर दो बजे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय विवेकानंद सभागार में रखी गई है। बैठक में जिला बालोद के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, विकासखण्ड के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री, जिले में निवासरत संभाग एवं प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में प्रांताध्यक्ष ओंकार सिंह, उपप्रांताध्यक्ष हरिशर्मा, संभाग अध्यक्ष भुवन सिन्हा विशेष रुप से उपस्थित रहकर मार्गदर्शन करेंगे।

### आज बोहारडीह गुरुर पहुंचेंगे कांकेर सांसद भोजराज

**गुरूर।** विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन समारोह, सांसद सम्मान समारोह तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान समारोह उपमंडी प्रांगण बोहारडीह गुरुर में 16 जुलाई को सुबह 11 बजे से किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग होंगे। इस दौरान वे संजारी बालोद विधानसभा तथा भाजपा मंडल गुरुर क्षेत्र की जनता, भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों से भेंट मुलाकात करेंगे।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

प्रवास : उपमुख्यमंत्री के बालोद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने लगाई शिकायतों की झड़ी

# कार्यकर्ताओं व जनता ने बनाई सरकार हम उनके साथ हमेशा खड़े हैं : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रभारी मंत्री जिला बालोद विजय शर्मा का बालोद जिले में प्रभारी मंत्री बनने के बाद प्रथम आगमन हुआ। वे सीधे जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा में जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक में शामिल हुए।

बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू के स्वागत उद्बोधन के पश्चात प्रभारी मंत्री ने एक-एक कार्यकर्ताओं की समस्याओं, कार्यों को सुना एवं जन भावनाओं के रूप जिले में व्याप्त समस्याओं से अवगत हुए, कार्यकर्ताओं ने कुछ शासकीय कर्मचारियों के दुर्व्यवहार, स्कूलों में शिक्षक की कमी, भ्रष्टाचार मे लिप्त कर्मचारियों, अधिकारियों की शिकायत सहित धर्मांतरण, सड़क, पानी सहित अन्य जन समस्याओं से अवगत कराया। बैठक के बाद जिले के प्रमुख भाजपा नेताओं के साथ सभी आवेदनों पर चर्चा करते हुए निराकरण के लिए लिखा।

विजय शर्मा ने बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की असली शक्ति बूथ में चिट बांटने वाले से लेकर बुथ का हमारा कार्यकर्ता है, जिनकी ताकत से हम जनता से किए वादों को पूरा करते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कम समय में भाजपा की विष्णु देव सरकार जनता के विश्वास पर पूर्ण रूप से खरा उतरी है। इस विश्वास को चिरस्थाई ▶▶| शेष पेज 11 पर



## नपाध्यक्ष शिबू ने उपमुख्यमंत्री शर्मा को सौंपा मांगों का पुलिंदा

**दल्लीराजहरा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा सोमवार को जिले के प्रवास पर थे। इस दौरान उनके बालोद आगमन पर नगर की मूलभूत मांगों को लेकर डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया के साथ नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में श्री नायर ने कहा है कि लौह अयस्क नगरी दल्ली राजहरा नगर की जनता के सर्वांगीण विकास और नगर को आदर्श नगर बनाने के लिए कुछ कार्यों का किया जाना अति आवश्यक है। श्री नायर द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में पुराना बाजार वीर नारायण सिंह चौक से अंतिम छोर तक रोड डामरीकरण एवं टाउनशिप के समस्त जर्जर रोड का डामरीकरण कार्य करने की मांग की गई है।

■ बालोद आगमन पर नगर के विकास के लिए मांगा सहयोग



इसी तरह डेम साइड फाइंस से पट चुकी है, जिसकी सफाई अति आवश्यक है ताकि जल संग्रहण हो और जल स्तर को सुधारा जा सके और उसका सौंदर्यीकरण किया जा सके। 50 बिस्तर शासकीय अस्पताल का जल्द ही 100 बिस्तर शासकीय अस्पताल की क्षमता ▶▶| शेष पेज 11 पर

## विहिप व बजरंग दल ने उठाया अवैध प्रार्थना सभा व धर्मांतरण का मुद्दा



**बालोद।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मातृशक्ति बालोद द्वारा बालोद शहर व बालोद जिला में लगातार अवैध प्रार्थना सभा व धर्मांतरण सहित अन्य विषयों को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पहली बार बालोद पहुंचने पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मातृशक्ति संगठन के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान हिंदू धर्म संगठन व समाज से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बलराम गुप्ता ने उपमुख्यमंत्री को पत्र व कुछ दस्तावेज सौंपकर बालोद शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही अवैध प्रार्थना सभाओं को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने अवैध प्रार्थना सभा, गौ तस्करी को रोकने के संबंध में विहिप द्वारा किए जा रहे कार्यों से मंत्री को अवगत कराया। जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने ईसाई मिशनरियों के कुछ लोगों द्वारा शहर के अंदर अवैध प्रार्थना सभा ग्रामीण क्षेत्रों में घरों में समूह के रूप में अन्य स्थानों से व्यक्तियों को बुलाकर प्रार्थना कराने व धर्मांतरण का माहौल बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमारे संगठन के सदस्य पुलिस प्रशासन ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ उपमुख्यमंत्री शर्मा से की चर्चा, सौंपा ज्ञापन

## कार्यक्रम के दौरान पंडाल में फैला करंट, बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

करंट लगने से 7 साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना रविवार की देर शाम बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम निपानी की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम निपानी में ग्रामीणों द्वारा शिवलिंग स्थापना का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में ग्रामीण मौजूद थे, वहीं गांव के ही शिवानंद साहू की बेटी मोनिका साहू भी पहुंची थी। ग्रामीणों ने बताया कि कार्यक्रम के लिए टेंट लगाया गया था। इस बीच टेंट के लिए लगाई गई पाइप में अचानक करंट प्रवाहित होने लगा। इस दौरान मासूम बच्ची मोनिका ने पाइप को पकड़ लिया और उसे करंट लग गया। ग्रामीण उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कर शव को उनके परिजनों को सौंपा गया। इस हादसे के बाद बालोद पुलिस जांच में जुट गई है।



बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम निपानी की घटना

### पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं

गौरतलब है कि इस तरह के मामले पहले भी कई बार सामने आ चुके हैं। टेंट संचालकों की लापरवाही के कारण ही इस तरह के हादसे होते हैं। टेंट संचालकों को टेंट लगाते समय और खासकर लोहे की पाइप का प्रयोग करते समय विद्युत से दूर रखना चाहिए या फिर उचित व्यवस्था करनी चाहिए, पाइप में करंट न पहुंचे और इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल इस मामले की जाँच में पुलिस जुट गई है, देखना होगा कि लापरवाही बरतने वालों पर किस प्रकार की कार्रवाई की जाती है।

## शिक्षकों की कमी पर आक्रोश ग्रामीणों ने स्कूल में जड़ा ताला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद-डौंडीलोहारा

बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित होने से आक्रोशित राघोनवागांव के ग्रामीणों ने प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में ताला जड़ दिया। तालाबंदी की जानकारी होने पर बीईओ हिमांशु मिश्रा मौके पर पहुंचे।

उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि सेटअप के अनुसार ही शिक्षकों की नियुक्ति होती है। प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में सभी शिक्षक सभी विषय पढ़ाते हैं। वहीं, गांव के निवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर ने कहा कि नियम के तहत शिक्षक की कमी दूर करें। हमें विज्ञान एवं अंग्रेजी के शिक्षक चाहिए। इस दौरान बीईओ और ग्रामीणों के मध्य जमकर बहस हुई। सरपंच हुमकरण सुधाकर ने बताया कि डीईओ व बीईओ को लिखित में सूचना थी। ग्राम राघोनवागांव की प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल में अंग्रेजी व विज्ञान पढाने वाले शिक्षक नहीं हैं, दोनों ही विषयों में बच्चे कमजोर हैं।

इससे परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हो रहा है। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष चुमन शांडिल्य व ग्राम प्रमुख यदु सुधाकर ने बताया कि शिक्षक की कमी की मांग लगातार उठाते रहे हैं। विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जन भागीदारी समिति से एक शिक्षक की नियुक्ति की गई है। स्कूल का ताला खोलने मौके पर नायब तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु, बीईओ तथा चौकी प्रभारी पहुंचे थे।

■ जिले के राघोनवागांव शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला का मामला

### बीईओ ने कहा- शीघ्र करेंगे शिक्षक की व्यवस्था

बीईओ ने कहा कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया चल रही है। शीघ्र ही अंग्रेजी व विज्ञान विषय के शिक्षक की व्यवस्था करेंगे। स्कूल में तालाबंदी करने पंच शिवकुमारी, भुवनेश्वरी, पारस सुधाकर, गिरधारी, मिथिलेश्वरी, छन्नूराम, जागेश्वर, बिहारीराम, देवसिंह, राधेश्याम सुधाकर, गोविंद सुधाकर, तोरण रावटे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य कार्यकर्ता दुर्गा ने बच्चों को कराया न्योता भोज

**डौंडीलोहारा।** प्राथमिक शाला संजारी में दुर्गा मंडावी उपस्वास्थ्य केंद्र संजारी की स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने शाला के सभी 132 बच्चों को न्योता भोज दिया। इस अवसर पर बच्चों को खीर पूड़ी खिलाई गई। बच्चों और शाला परिवार की ओर से भूपेन्द्र कुमार इन्दौरिया प्रधान पाठक, भिकेश कुमार सहारे शिक्षक, प्रीतम कुमार रामटेके शिक्षक, नागेश्वर दास मानिकपुरी शिक्षक, निकिता यदु ,रमशीला भुआर्य, प्रेमलाल भुआर्य ने आभार व्यक्त किया।





# मवेशियों के झुंड मचा रहे उत्पात, धरपकड़ में नगर निगम अमला पस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के अंदरूनी मार्ग सहित बाजार क्षेत्र व व्यवसायिक इलाकों में आवारा मवेशियों के झुंड और छुट्टे घूम रहे सांडों के उत्पात से आम आदमी परेशान है। हैरानी की बात ये है कि सदर बाजार जैसे पॉश इलाके में सांडों को खुली सड़क पर उत्पात मचाते देख लोगों की आंखें खुली की खुली रह गईं। ऐसा ही नजारा डगनिया के सब्जी बाजार चौक, आमापारा और शास्त्री बाजार चौक पर आए दिन देखा जा सकता है। इन सबके बाद भी नगर निगम का काऊकैचर दस्ता सांडों को पकड़ने अब तक नहीं पहुंच पाया। इसके चलते राजधानी में आवारा मवेशियों के झुंड से लोग त्रस्त हैं।

हरिभूमि सरोकार

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम सीमा क्षेत्र के रिहाइशी इलाके सहित वीआईपी मार्ग को आवारा मवेशियों से मुक्त कराने अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए 10 जोन के जोन आयुक्त को नोडल अधिकारी और निगम के दो अपर आयुक्त को इस पूरे कार्य की मॉनिटरिंग का जिम्मा सौंपा है, लेकिन धरातल पर निगम का आवारा मवेशियों की धरपकड़ अभियान महज खानापूर्ति साबित हो रहा है। दस जोन के 10 काऊकैचर दस्ते एक दिन में मुश्किल से 100 मवेशी भी नहीं पकड़ पा रहे। जबकि बड़ी संख्या में शहर में सांड खुले में घूम रहे हैं। इन्हें पकड़ने निगम अमले ने अब तक तत्परता नहीं दिखाई है। खासकर सांझ ढलने के बाद अमीनपारा, लिली चौक, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, डगनिया, सुंदर नगर, अश्वनीनगर,आमापारा, आजाद चौक, ब्राह्मणपारा, रायपुरा, चंगोराभाठा, महामाई पारा, सदरबाजार, सत्ती बाजार, मोतीबाग चौक, शास्त्री बाजार चौक पर मवेशियों का जमावड़ा देखा जा सकता है। इन इलाकों में देर शाम काऊकैचर दस्ता कभी झांकने तक नहीं आया। इससे रहवासी इलाकों में लोगों को दुघर्टना का अंदेशा बना रहता है।

## सांड पकड़ने में निगम अमले का छूटा पसीना

- रहवासी त्रस्त, शिकायत के बाद भी नहीं पकड़ रहे मवेशी
- शास्त्री बाजार, आमापारा, लाखेनगर, मंगलबाजार में मवेशियों के झुंड दे रहा हादसों को आमंत्रण




### अंधेरे में दुर्घटना का अंदेशा, वाहन चालक त्रस्त

रहवासी इलाके में डेयरियों का संचालन और मवेशियों को रखने से सांझ ढलने के बाद पशुमालिक अपने मवेशी को बीच रास्ते में धड़ल्ले से खुला छोड़ रहे हैं। इससे शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरने वाले दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहन के चालकों को रात के समय गाड़ी चलाने में खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। निदान 1100, चैटबोट और संबंधित जोन दफ्तर में प्रभावित लोगों द्वारा इसकी शिकायत भी की जाती रही है। इसके बाद भी निगम अमला इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं को बांटी साइकिल

**रायपुर।** नगर पंचायत माना कैंप में 15वें वित्त आयोग मद से वार्डों में सफाई कार्यों के लिए नए वाहनों का रविवार को लोकार्पण और पूजन किया गया। स्वामी आत्मानंद स्कूल में नगर पंचायत माना कैंप में नवनिर्मित 3 अतिरिक्त कक्ष के लोकार्पण, पुरस्कार वितरण, पौधारोपण एवं सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, भाजपा उपाध्यक्ष रायपुर शहर श्यामा प्रसाद चक्रबर्ती, माना नगर पंचायत उपाध्यक्ष उर्मिला चौहान, मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह ठाकुर, पार्षद लोकमति ठाकुर, अंजू बर्मन, मिथुन मंडल, कांति साहू, संगीता सिंह, के. ऐबु, सुपाद मडल, युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेश पिल्ले, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल आदि शामिल थे।

### मिनीमाता स्मृति दिवस की तैयारी में जुटा सतनामी समाज

**रायपुर।** सतनामी समाज की गुरुमाता व छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की 11 अगस्त को 52वीं पुण्यतिथि है, जिसे स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास अकादमी भवन में रविवार को सतनामी समाज की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें सभी की सहमति व सुझावों के अनुरूप कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष केपी खंडे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि समाज की ओर से राजधानी में मुख्य आयोजन न्यू राजेंद्र नगर स्थित सामाजिक भवन में होगा, जहां माताजी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद किया जाएगा। इस दौरान मंगल भजन, संगोष्ठी सहित जिले की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और 10वीं-12वीं बोर्ड के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इसके पूर्व प्रातः पंडरी बस स्टैंड स्थित माताजी की आदमकद प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि सभा होगी।

### मतदाताओं का अभिनंदन कर रही भाजपा



**रायपुर।** भाजपा ने मतदाता अभिनंदन कार्यक्रमों का रविवार को आगाज किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड मुख्यालय में आयोजित मतदाता अभिनंदन समारोह में शिरकत की। उन्होंने विधानसभा चुनाव में जीत के लिए कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं, नागरिकों का आभार जताया। उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा, आपके क्षेत्र का बेटा मुख्यमंत्री है और जनहित के जो भी कार्य हैं, किए जाएंगे। उन्होंने कहा, प्रदेश में अब सभी विकास कार्य सांय-सांय होंगे। मुख्यमंत्री ने दुलदुला में व्यवस्थित सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए की घोषणा की। उन्होंने दुलदुला में बस स्टैंड, मिनी इंडोर स्टेडियम, हायर सेकंडरी स्कूल के भवन और दुर्गा पंडाल के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने सोकोडीपा में यादव समाज के भवन में बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 15 लाख रुपए, शारदा धाम के लिए जमीन, एंबुलेंस और शव वाहन की घोषणा की।

### अगले दिन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक कट जाएगी लाइन

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर रीचार्ज नहीं किया तो भी छुट्टी के दिन नहीं काटा जाएगा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में रायपुर सहित कई जिलों में बिजली के प्रीपेड मीटर लगने शुरू हो गए हैं। नए मीटर लगने के बाद अब आम उपभोक्ताओं में इस बात की उत्सुकता है कि बिजली मीटर रीचार्ज कैसे होगा। कहीं कोई गड़बड़ी हुई तो क्या कनेक्शन कट जाएगा? ऐसे बहुत से सवालों का जवाब अभी उपभोक्ताओं को नहीं मिल पाया है। ऐसे में बिजली ग्राहकों के लिए यह जानना जरूरी है कि प्रीपेड मीटर के मामले में यदि उपभोक्ता अपने प्रीपेड खाते को रीचार्ज करने में असफल रहता है और उसका शेष (बैलेंस) शून्य हो जाता है तो छुट्टी के दिन को छोड़कर अगले दिन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे के बीच बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा।

खास खबर

राज्य में प्रीपेड बिजली मीटर लगाए जाने के पहले ही राज्य विद्युत नियामक आयोग ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत आपूर्ति संहिता में संशोधन किया है। यह चौथा संशोधन 2024 का है। यह नियम पूरे प्रदेश में प्रभावशील है। इस संबंध में विद्युत नियामक आयोग द्वारा अधिसूचना का प्रकाशन किया गया है। इसमें बताया गया है कि प्रीपेड मीटर संबंधी व्यवस्था के संचालन का नियम क्या है।

## मीटर निकालकर भी ले जा सकेंगे विद्युत कर्मचारी

### छुट्टी के दिन नहीं कटेगा कनेक्शन

विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में साफ किया गया है कि प्रीपेड मीटर रीचार्ज न कराने की स्थिति में बिजली कनेक्शन कब और कैसे काटा जाएगा। अगर प्रीपेड मीटर रीचार्ज नहीं किया गया और उसका शेष (बैलेंस) शून्य हो जाता है तो मीटर गैर कार्यालयीन समय शाम 5.30 बजे से अगले दिन सुबह 10 बजे तक या राजपत्रित अवकाश, स्थानीय छुट्टियों के दिन कनेक्शन नहीं काटा जाए। उपभोक्ताओं को असुविधा से बचाने के लिए कनेक्शन काटने की प्रक्रिया तत्काल अगले कार्यदिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच होगी। खास बात ये है कि शून्य बैलेंस होने के कारण बिजली कनेक्शन कटने को अस्थायी या टेंपरेरी डिसकनेक्शन माना जाएगा।



### रीचार्ज की सूचना यानी नोटिस

नियम में साफ किया गया है कि प्रीपेड उपभोक्ता को मीटर रीचार्ज करने के संबंध में जो सूचना या अलर्ट भेजा जाएगा, उसे ही नोटिस माना जाएगा। इसके बाद उपभोक्ता अगर रीचार्ज नहीं कराता है तो उसका कनेक्शन काटा जाएगा। यह कनेक्शन उस समय तक नहीं जोड़ा जाएगा, जब तक उपभोक्ता समयसीमा के भीतर संबंधित राशि का रीचार्ज नहीं कराएगा। प्रावधान ये भी है कि उपभोक्ता का कनेक्शन रीचार्ज न कराने के कारण काटने के बाद उपभोक्ता का मीटर परिसर से भौतिक रूप से भी हटा दिया जाएगा।

### बैलेंस खत्म होने के पहले मिलेगी सूचना

अगर उपभोक्ता ने मीटर रीचार्ज नहीं किया तो उसका कनेक्शन काट दिया जाएगा, लेकिन इस संबंध में बैलेंस खत्म होने और माइनस राशि शेष होने की जानकारी एसएमएस या वाट्सएप के माध्यम से देने का प्रावधान भी रखा गया है। एक बार कनेक्शन कटने के बाद उपभोक्ता मीटर को रीचार्ज कर सकता है और लागू अधिभार (जुर्माने) के साथ विद्युत आपूर्ति बहाल कर सकता है। उपभोक्ता ऐसी परेशानी से बचने के लिए अपने प्रीपेड मीटर खाते को मोबाइल एप्लिकेशन, वेब एप्लिकेशन, यूपीआई, ई-वॉलेट, वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन रीचार्ज करा सकता है। मीटर रीचार्ज होने के बाद एएमआई एप्लिकेशन का ऑटो री-कनेक्शन शुरू करना होगा।

### यात्री हैरान, आखिर कहां आएगी ट्रेन

# डिस्प्ले में एक ही ट्रेन की दो प्लेटफार्म पर दिखाई पोजीशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- स्टेशन पर रेलकर्मियों से जानकारी लेते रहे पेसैंजर

एक ट्रेन एक समय में एक ही प्लेटफार्म पर आ सकती है, लेकिन रविवार को रेलवे स्टेशन पर 1345 माल्दा टाउन सूरत एक्सप्रेस एक डिस्प्ले में 11.55 बजे प्लेटफार्म 1 पर आती हुई दिखाई दी तो वहीं दूसरे एलईडी टीवी पर उसी समय उसी ट्रेन के प्लेटफार्म-2 पर भी आने की जानकारी प्रदर्शित की जा रही थी। यह देख यात्रियों में हलचल मच गई कि आखिर ट्रेन किस प्लेटफार्म पर आएगी। जब यात्रियों को समझ नहीं आया तो उन्होंने स्टेशन में मौजूद रेलवे कर्मचारियों से ट्रेन की सही लोकेशन की पूछताछ प्रारंभ कर दी। वही यात्रियों ने सीधे डीआरएम और रेलवे बोर्ड से ही ट्वीट कर पूछ लिया कि ट्रेन किस प्लेटफार्म पर आएगी। कई यात्री तो अपना सामान लेकर प्लेटफार्म नंबर 2 के लिए रवाना हो गए थे। इसके बाद रेलवे ने अपनी गलती सुधारते हुए डिस्प्ले पर ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 1 पर आने की सही जानकारी प्रदर्शित की, जिससे यात्रियों में मची अफरातफरी शांत हुई। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है, जब यात्रियों को ट्रेन के आने और प्लेटफार्म पर कोच की पोजीशन की जानकारी गलत मिली हो। 8 दिनों के भीतर इस तरह की दूसरी घटना हुई है।

*यात्रियों को मिल रही गलत जानकारी*

*रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ट्रेनों के आने का समय दिखाने एलईडी टीवी व डिस्प्ले बोर्ड लगे हुए हैं, जिसमें एक समय पर सभी को अपडेट करना होता है, यात्री सत्यम के ट्वीट के बाद रेलवे सेवा ने डीआरएम को जांच करने कहा।*

### ट्रेन खड़ी होने के बाद डिस्प्ले में आया अपडेट

6 जुलाई शनिवार को भी पुरी से दुर्ग जाने वाली 18425 ट्रेन के प्लेटफार्म डिस्प्ले पर कोच पोजीशन सिस्टम बिगड़ गया था, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कत हुई। ट्रेन आने से पहले डिस्प्ले पर स्लीपर और एसी कोच की जो पोजीशन बताई जा रही थी, वह ट्रेन पहुंचने के बाद गलत हो गई। ट्रेन में अपने निर्धारित कोच तक पहुंचने के लिए यात्रियों को लंबी दौड़ लगानी पड़ी थी। स्टेशन पर एस-2 की जगह बी- 2 कोच खड़ा मिला। यात्री डिस्प्ले के अनुसार, एस-2 कोच की पोजीशन पर खड़े थे, लेकिन ट्रेन आने के बाद जब एस-2 कोच आगे निकल गया, तब यात्रियों ने दौड़ लगानी शुरू की। प्लेटफार्म पर जब ट्रेन पूरी तरह से ठहर गई, उसके बाद ही डिस्प्ले पर कोच की सही पोजीशन दिखाई गई। शुरुआत से ही डिस्प्ले पर कोच की पोजीशन को लेकर गलत जानकारी दिखाई जा रही थी।

# सरोना में आधी भी नहीं हो पाई कचरा छंटाई, बारिश ने अटकाया, काम बंद



- दिसंबर तक काम पूरा करने समयसीमा तय
- 28 एकड़ जमीन पर 450 लाख मीट्रिक टन कूड़ा करकट डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में दबे कूड़ा-करकट की छंटाई का 45 फीसदी काम अनुबंधित एजेंसी ने पूरा कर लिया है। बारिश की वजह से स्पॉट पर पानी भरने से कचरा छंटाई रोक दी गई है। दिसंबर 2024 तक बकाया काम पूरा करने की समयसीमा तय है। 28 एकड़ जमीन पर पिछले डेढ़ दशक से डंप 450 मीट्रिक टन कूड़ा-करकट के वैज्ञानिक निष्पादन के लिए रायगढ़ की एजेंसी को नगर निगम ने 12 करोड़ 66 लाख में ठेका दिया है।

नगर निगम के सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर सालों से डंप कूड़ा-करकट डिस्पोज करने रायगढ़ की अनुबंधित एजेंसी ने साइट पर 5 पोकलेन मशीनें और 7 डंपर लगाकर जमीन में दबे कूड़े को मशीन से खोदकर पहले ढेरी लगवाई। फिर सप्ताहभर इसे सुखाने के बाद मशीन से 4 अलग-अलग भागों में कचरे की छंटाई कराई। अब तक 45 फीसदी काम ही पूरा हो पाया है। निगम से अनुबंधित एजेंसी हिल्बो इंटरप्राइजेस पोकलेन व डंपर मशीन लगाकर जमीन की 8 फीट तक खुदाई कर वहां दबे 45 फीसदी कूड़ा-करकट को बाहर निकालकर, अलग-अलग ढेरी में सुखा रही है। इस दौरान स्पॉट पर पानी भरने से कचरा छंटाई का काम रोकना पड़ा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है, मौसम खुलने के बाद ही आगे का काम शुरू हो पायेगा। विदित हो कि डेढ़ दशक से सरोना में डंप शहरभर का कूड़ा-करकट खारुन नदी किनारे दबा पड़ा है। बारिश में इस गंदगी के कारण में खारुन में गंदा पानी रिसकर जाने को लेकर एनजीटी ने रायपुर नगर निगम को कई बार जमकर फटकार लगाई है। स्थानीय रहवासियों ने भी कचरा ढोने वाली रामकी कंपनी की गाड़ियों को रोकने चक्काजाम किया था। इन सबके बाद नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर कर रायगढ़ की एजेंसी को 12 करोड़ 66 लाख में पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरा निष्पादन का ठेका दिया है। अनुबंधित कंपनी कचरा छंटाई के साथ -साथ निकाले गए कचरे के ढेर में से झिल्ली, प्लास्टिक, कांच व लोहे के टुकड़े अलग कर उसे बेचेगी।

### 45 फीसदी काम पूरा

सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में 450 लाख मीट्रिक टन कूड़ा-करकट के निपटारे का 45 फीसदी काम पूरा हुआ है। बारिश के कारण काम बंद है। दिसंबर 2024 तक अनुबंधित एजेंसी को बकाया काम पूरा करने की समयसीमा दी गई है।

**- रघुमणि प्रधान,** नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन, ननि रायपुर

# गुजराती स्कूल के स्काउट गाइड्स ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के मार्गदर्शन में विगत दिनों पूरे प्रदेशभर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में रविवार को भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ रायपुर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डूंडा में पौधारोपण किया गया। साथ ही संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शपथ भी ली गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड्स ने पौधे रोपे। गुजराती उच्चतर माध्यमिक शाला देवेंद्र नगर के 3 स्काउट और 11 गाइड विद्यार्थियों ने शाला प्राचार्य अनीस मेमन के मार्गदर्शन और शाला की स्काउट-गाइड प्रभारी आरती राजपूत के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में शामिल होकर एक पौधा अपनी मां के नाम से लगाया।



### ये उपस्थित रहे

जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल ने कहा कि रायपुर जिले के प्रत्येक स्कूल में स्काउट-गाइड के माध्यम से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम पूरे विद्यालय स्तर पर वृहद रूप से किए जाएंगे, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवधेश कुमार द्विवेदी आईआरएस सीनियर डिवीजन मैनेजर रेलवे रायपुर, अतिथि डॉ. सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड्स छग, जी. स्वामी जिला अध्यक्ष, डॉ. सुरेश शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त, डॉ. विजय खंडेलवाल जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर, अजय तिवारी जिला उपाध्यक्ष, गायत्री सिंह, मृत्युंजय शुक्ला, उमा चंद्रहास निर्मलकर, प्राचार्य फ्रांसिस किसपोट्टा, विष्णु साहू शाला प्रतिनिधि सचिव, जिला संगठन आयुक्त बालक दास राउत, विकासखंड सचिव धरसींवा मुकेश बोरकर, आरती राजपूत, अपर्णा तिवारी उपस्थित रहे।

# राज्य सेवा के कर्मचारियों से भेदभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- डीओपीटी को पिछड़ा वर्ग कर्मचारी संगठन ने पीएम को लिखा पत्र
- राज्य सेवा के कर्मचारियों के लिए कार्य प्रतिवेदन नियम बनाने की मांग

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ ने डीओपीटी विभाग के प्रभारी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अखिल भारतीय सेवा और राज्य सेवा के कर्मचारियों के साथ कई मामलों में भेदभाव किए जाने पर सवाल उठाया है। संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल सिन्हा ने कहा, अखिल भारतीय सेवा के लोकसेवकों के कार्य प्रतिवेदन के लिए नियम बने हैं, लेकिन राज्य सेवा के संबंध में नियम नहीं बने हैं। राज्य सेवा के लिए गोपनीय प्रतिवेदन के नियम नहीं बनने के कारण इसे अधीनस्थों के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। अखिल भारतीय सेवाओं के लिए प्रशासनिक अभिकरण है, लेकिन राज्य सेवा के अभिकरण को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने मांग की है कि राज्य सेवा के कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए नियमों का पालन कराया जाए।

उन्होंने अपनी मांगों को लेकर कहा, राज्य कर्मचारियों के गोपनीय प्रतिवेदन लिखे जाने के संबंध में नियम बनाया जाए। राज्य प्रशासनिक सेवा अभिकरण और कर्मचारी आयोग का गठन किया जाए। संयुक्त विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हर तीन माह में सुनिश्चित किया जाए।

प्रत्येक विभाग में जिला और प्रदेश स्तर पर शिकायत निवारण एवं शासकीय सेवक कल्याण अधिकारी की नियुक्ति की जाए। ऐसे मामलों में किसी अधिकारी के विरुद्ध कोर्ट जाना पड़े तो उस पर आने वाले समस्त व्यय की प्रतिपूर्ति शासन द्वारा की जाए और संबंधित अधिकारी पर उचित कार्रवाई का प्रावधान करें।

### मलेरिया डायरिया से मृतक के परिजनों को दें मुआवजा

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण मलेरिया और डायरिया जैसी बीमारियों से बस्तर से लेकर कवर्धा तक लोग मर रहे हैं। बीजापुर के भोपालपट्टनम में एक बच्ची की मौत मलेरिया से हो गई। कवर्धा जिले के चिल्फी के पास सोनवाही गांव मे राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र संरक्षित बैगा जनजाति के पांच लोगों की उल्टी-दस्त के बाद मौत हो गई है। पीसीसी अध्यक्ष ने सरकार से मांग की है कि कवर्धा के सोनवाही में मृतकों के परिजनों को 4 लाख का मुआवजा दिया जाए। साथ ही वनक्षेत्रों मे स्वास्थ्य सुविधाएं तत्काल बढ़ाई जाएं। हाट-बाजार क्लीनिक शुरू किया जाए। मलेरिया और डायरिया के जांच व इलाज के लिए कैम्प लगाए जाएं।

# पटवारी हड़ताल पर, अब आरआई से ले रहे हैं काम, दी आंदोलन की चेतावनी

- किसी भी दिन बिना सूचना जाएंगे हड़ताल पर
- आरआई मानसिक प्रताड़ना का शिकार हो रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पटवारियों के 8 जुलाई से हड़ताल पर चले जाने से अब उनके हिस्से का काम आरआई (राजस्व निरीक्षक) से लिया जा रहा है। इसकी वजह से आरआई भी परेशानी में पड़ गए हैं।

राजस्व निरीक्षक संघ का कहना है कि पटवारी का काम करने में देरी होने के कारण आरआई के साथ मारपीट और अनैतिक आरोप-प्रत्यारोप लग रहे हैं, इस वजह से आरआई मानसिक प्रताड़ना का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में अगर पटवारियों के काम नहीं करने की वजह से आरआई के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती है तो आरआई किसी भी दिन बिना सूचना दिए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। राजस्व निरीक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष दीपचंद भारती ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव को भेजे गए पत्र में यह बात कही है। पत्र में कहा गया है कि हल्का पटवारी के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से उनके द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्य जैसे आय, निवास, जाति प्रमाणपत्र के साथ-साथ अन्य शासकीय कार्य विभिन्न जिलों में पदस्थ राजस्व निरीक्षकों को करने के लिए उनके राजस्व अधिकारियों द्वारा आदेशित किया जा रहा है। किसी भी व्यक्ति की आर्थिक स्थिति, उनकी धारित कृषि भूमि, आवासीय भूमि, जाति एवं उनके वारिसानों की जानकारी क्षेत्रीय कर्मचारी होने के कारण संबंधित हल्का पटवारी को होती है।




इसलिए हल्का पटवारी द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्य राजस्व निरीक्षक के ऊपर अधिरोपित नहीं करने कलेक्टर को पत्र लिखने का आग्रह छग राजस्व निरीक्षक संघ ने किया है।

### ये काम हो रहे प्रभावित

सीमांकन, नक्शा, बटांकन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, मौका जांच के लिए राजस्व निरीक्षकों को पटवारी द्वारा अद्यतन किए जाने वाले राजस्व अभिलेखों की आवश्यकता होती है। चालू राजस्व अभिलेख उपलब्ध नहीं हो पाने की स्थिति में सीमांकन, नक्शा बटांकन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार के प्रतिवेदन का कार्य प्रभावित हो रहा है। पटवारी चालू नक्शा में बटांकन नहीं होने के बाद भी सक्षम न्यायालय से प्राप्त सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण के समय राजस्व निरीक्षकों के साथ मारपीट एवं आवेदक के मन मुताबिक कार्य नहीं होने के कारण आवेदक, अनावेदकों द्वारा राजस्व निरीक्षकों के विरुद्ध झूठे और मनगंढ़त आरोप लगाए जाते हैं, जिससे राजस्व निरीक्षक अकारण मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### महंत हरिदास त्यागी की मनाई पुण्यतिथि, भंडारा भी

**रायपुर।** श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर बुद्धेश्वर मंदिर के सामने रविवार को महंत हरिदास त्यागी की 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर मंदिरों के पुजारी, साधु-संत एवं ब्राह्मण शामिल हुए। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम के बाद महाभंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें राहगीरों और श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। साथ ही विरंची नारायण मंदिर के महंत देवदास गोपाल, महंत गोपाल शरण दास एवं नया मंदिर के अजय तिवारी, राम मंदिर के राघवेंद्र शास्त्री एवं अन्य मंदिर के पुजारी, ब्राह्मणों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में मंदिर समिति के अनिल अग्रवाल, नानक पांडे, प्रशांत पांडे, इंद्रजीत सोनी, कामेश तिवारी, कृष्णा बिहारी अग्रवाल एवं अन्य सभी सेवकों का सहयोग रहा।

### शिवसेना उद्धव गुट ने मनाया स्थापना दिवस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिवसेना (उद्धव गुट) के पदाधिकारियों ने शिवसेना कार्यालय में 41वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई गई। इस मौके पर शिवसेना के प्रदेश महासचिव एचएन सिंह पालीवार ने बताया कि स्थापना दिवस के मौके पर संगठन बढ़ाने पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी नगरीय निकाय चुनाव में राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में भी प्रत्याशी उतारने का फैसला लिया गया। कार्यक्रम में सुनील कुकरेजा, संजय नाग, बल्लू जांगड़े, सुरेश तिवारी, आनंद तिवारी, मुरारी सोनी, प्रकाश यादव, घनश्याम यादव, मोहित सिन्हा, साई प्रजापति, धनंजय गोयल, पप्पू विश्वकर्मा, शिवराम साहू, हरीश साहू, राजेंद्र निर्मलकर, ओमप्रकाश साहू, जिगर प्रजापति, नीरज भोई आदि उपस्थित रहे।

### 100 से अधिक फलदार पौधे रोपे

**रायपुर।** दरअसल लगातार बढ़ रही वृक्षों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है और तापमान में वृद्धि हो रही है। इसलिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वॉलफोर्ट सिटी वर्किंग कमेटी भाठागांव द्वारा रविवार को पौधारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने किया। इसके बाद कमेटी के कार्यकर्ताओं ने 100 से अधिक छायादार और फलदार पेड़ लगाए। सघन पौधारोपण कार्यक्रम में कमेटी के राकेश अग्रवाल, पन्नालाल, एसएल अग्रवाल, राजेश जैन, आनंद चौधरी, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, सुनील जौहरी, मूलचंद लाहोटी, अजय मालू, डॉ. जसवंत जैन, संदीप अग्रवाल, पवन बंसल आदि शामिल थे।

### नेशनल लोक अदालत में 8 लाख से ज्यादा मामलों का निराकरण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन उच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर के न्यायालयों के साथ-साथ राजस्व न्यायालयों में 13 जुलाई को आयोजित किया गया। नेशनल लोक अदालत हेतु गठित कुल 605 खंडपीठों द्वारा प्रेषित अंतिम आंकड़ों में 7 लाख 66 हजार 639 प्री- लिटिगेशन प्रकरण तथा 65 हजार 139 लंबित मामलों को मिलाकर कुल 8 लाख 31 हजार 848 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 230 करोड़ 9 लाख 55 हजार 219 रुपये के अवार्ड पारित किए गए। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय-सह- मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राज्य के सभी 23 जिलों एवं सत्र न्यायालयों से वर्चुअल मोड के माध्यम जुड़कर लोक अदालत की कार्यवाहियों का निरीक्षण किया गया। और सभी जिलों के प्रधान जिला न्यायाधीशों व अन्य खंडपीठ के पीठासीन अधिकारियों से संवाद व चर्चा की गई और लोक अदालत की प्रगति का जायजा लिया गया।

---

बैठक : उपमुख्यमंत्री ने बालोद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की स्थापना के लिए मांगा प्रस्ताव

# जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में लगाई जाएगी सोनोग्राफी मशीन : शर्मा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित की जाए। इससे की शासन की मंशानुरूप आम जनता को उसका समुचित लाभ सुनिश्चित हो सके।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिला कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में जिले के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने जिले के प्रभारी मंत्री बनने के बाद पहली समीक्षा बैठक लेकर जिले में चल रहे विकास कार्यों एंव जिले के कानून व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। शर्मा ने जिले के किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग से अलग कर बालोद के लिए पृथक से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की स्थापना के प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सोनोग्राफी मशीन की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करा दी जाएगी। बैठक में शर्मा ने कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिये। शर्मा ने अपने काम के सिलसिले में थाने में आने वाले लोगो के लिए शौचालय की सुविधा उपलध कराने हेतु सामुदायिक शौचालय के निर्माण के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने पुलिस अधीक्षक एस आर भगत को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में शर्मा ने स्वच्छ भारत मिशन की भी समीक्षा की। बैठक में डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया, संजारी बालोद विधायक संगीत सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू, उपस्थित थे।

### कार्यालयों में उपस्थिति के लिए लगाई जाएंगी बायोमेट्रिक मशीनें

बैठक में शर्मा ने जिला अस्पताल बालोद में डॉक्टरों एवं अधिकारी कर्मचारियों के निर्धारित समयावधि में उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए शुरू की गई बायो मेट्रिक व्यवस्था को पूरे जिले के अस्पतालों में शुरू कराने के निर्देश दिए। बैठक में शर्मा ने राजस्व विभाग के कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी स्थिति में उनके राजस्व संबंधी परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए उन्होंने राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने इस कार्य मे लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा।

सभी विकासखंड मुख्यालयों की प्राथमिक शालाओं में लगाए जाएंगी सीसीटीवी कैमरे बैठक में श्री शर्मा ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बच्चो को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने हेतु स्कूलों में जरूरी संसाधनों की उपलब्धता के अलावा शिक्षकों का समय पर एवं नियमित रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कुलो में बच्चो के अध्ययन अध्यापन की समुचित मोनिटरिंग एवं शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय के प्राथमिक शालाओ में सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं शिक्षकों तथा कर्मचारियों का बायो मेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को इस कार्य को 01 माह के भीतर अनिवार्य रूप से पूरा करने हेतु निर्देशित किया। प्रभारी मंत्री ने जिले के शाला भवनों की स्थिति समीक्षा करते हुए जर्जर शाला भवनों को डिस्मेंटल किये जाने पर कक्षा संचालित करने हेतु की गई वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में प्रभारी मंत्री शर्मा ने मौजूदा मानसून सीजन के दौरान जिले में खाद बीज की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने किसानों को समुचित मात्रा में खाद उपलब्ध कराने हेतु जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### स्वच्छता के लिए इंदौर शहर का निरीक्षण करें अधिकारी

उन्होंने बालोद जिले को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु स्वच्छता रैंकिंग में पूरे देश में अग्रणी इंदौर शहर का निरीक्षण करने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद को निर्देशित किया। उन्होंने बालोद शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में शर्मा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्यों के अन्तर्गत जमीन अधिग्रहण संबन्धी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के कार्यो की समीक्षा करते हुए लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के संम्बन्ध में जानकारी ली।

### जलजीवन मिशन के कार्यो को शीघ्र पूरा करें

इस दौरान उन्होंने जिले में जलजीवन मिशन के कार्यों को शीघ्र पूरा कराने कहा। बैठक में श्री शर्मा ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत विभाग, सहकारिता, वन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, क्रेडा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मछली पालन विभाग, अमृत सरोवर योजना, आयुष्मान कार्ड के कव्हरेज के साथ आदि योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में इन सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने जिले के लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

---

## पाटेश्वर धाम पहुंचे डिप्टी सीएम, बड़े जुंगेरा के ग्रामीणों के साथ की बैठक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने बालोद जिले के प्रवास के दौरान डौंडीलोहारा विकासखण्ड के जामड़ीपाट स्थित पाटेश्वर धाम में सद्गुरु स्व. राम जानकीदास जी महाराज के समाधि स्थल में पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने सद्गुरु स्व. राम जानकीदास जी के शिष्य एवं पाटेश्वर धाम के संचालक संत बालकदास से मुलाकात की।

■ ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने संत बालकदास के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उसके बाद गृहमंत्री शर्मा, संत बालकदास एवं अन्य अतिथियों ने पाटेश्वर धाम के ऊपर मन्दिर से मन्दिर परिसर के निचले हिस्से में स्थित शिव मन्दिर में पहुँचकर भगवान शंकर की पूजा–अर्चना की। इसके पश्चात गृह मंत्री शर्मा, संत बालकदास एवं अतिथियों ने ग्राम बड़े जूँगेरा में पहुँचकर ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री से हाई स्कूल भवन, सामुदायिक भवन, पचरी निर्माण करने आदि की मांग की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए गृह मंत्री शर्मा ने ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। समारोह को संबोधित करते हुए संत बालक दास ने पाटेश्वर धाम के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने आम जनता को इस पूनीत कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा सहित कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधिक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, सरपंच नीलिमा टेकाम के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है भाजपा सरकार

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहयोग एवं आशीर्वाद से विष्णुदेव साय के रूप में आदिवासी नेता को राज्य के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह आज देश के राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पद पर आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू विराजमान है। इसके अलावा उड़ीसा राज्य के मुख्यमंत्री भी एक आदिवासी को बनाया गया है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले केन्द्र सरकार एवं विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासी समाज सहित सभी वर्गों के सार्वंगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है।

---

## जिले में खोला जाए कृषि महाविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उपमुख्यमंत्री, गृहमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के बालोद प्रवास के दौरान संजारी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के साथ ही जिले में कृषि महाविद्यालय खोलने की मांग की। श्री यादव ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि बालोद जिला कृषिप्रधान जिला है। जिले में डेम कॉम्पलेक्स तांदुला जलाशय, सुखा जलाशय, गोंदली जलाशय, खरखरा जलाशय, मटिया मोती जलाशय जिले में स्थित है तथा धमतरी के गंगरेल डेम का पानी गुरूर ब्लाक को सिंचित करता है, कृषि के मामले में जिला बहुत समृद्ध है। उन्होंने कहा कि बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड में राष्ट्रीय उत्पादन के औसत से ज्यादा प्रति हेक्टेयर उत्पादन गुरूर के किसान ले रहे हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक से प्रशिक्षित करने के लिए एवं बालोद के नवजवानों को कृषि आधारित शिक्षा के लिए बालोद में कृषि महाविद्यालय की स्थापना किया जाना अति आवश्यक है। इसलिए आगामी बजट में जिले में कृषि महाविद्यालय खोला जाना चाहिए।



■ उपमुख्यमंत्री शर्मा से पूर्व नपाध्यक्ष राकेश ने की मांग

## मड़ियाकट्टा स्कूल में बच्चों ने लगाए पौधे

**डौण्डीलोहारा।** आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा के स्कूल में वन महोत्सव वृक्षों का त्यौहार मनाया गया। एक पेड़ मां के नाम बैगलेस डे के अवसर पर बच्चों ने पौधे लगाए।

इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों को अपने जन्मदिन पर एक पौधा अपनी मां नाम पर लगाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर शाला परिसर में यूथ एवं इको क्लब के सभी बच्चों ने पौधे लगाए। प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों को वन महोत्सव के बारे में जानकारी दी। वृक्षों को काटने से बचाना, वनों का संरक्षण करना एवं पेड़ पौधों के विशाल संसार से बच्चों को परिचय कराया गया और इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य को बताया। इस अवसर पर प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर, शिक्षक परसराम साहू, दीनदयाल अटल, नारद राम भुआर्य ,सुनील कुमार अलेन्द्र, भूमिका मोवाड़े, साधना सिन्हा सभी का सहयोग रहा।



### उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कलेक्टोरेट परिसर में किया पौधा रोपण

**बालोद।** उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने बालोद जिले के प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में नीम के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यापालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नोजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकान्त कौशिक, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



---

## पेज 9 के शेष

### कार्यकर्ताओं व जनता ने बनाई ..

बनाने के लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को सामूहिक रूप से परिश्रम करना है। हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं, आवेदक नहीं निराकरण के लिए काम करेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि यह सरकार जनता एवं कार्यकर्ताओं की बनाई सरकार है, जनता एवं कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा खड़ी है।

इन कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से प्रीतम साहू, विरेन्द्र साहू, यशवंत जैन, देवलाल ठाकुर, कृष्णकांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा, राकेश यादव, अभिषेक शुक्ला, राकेश छोटू यादव, चेमन देशमुख, नरेश यदु, देवेंद्र जायसवाल, किशोरी साहू, अनीता कुमेटि, संध्या भारद्वाज, छगन देशमुख, दिलीप शर्मा, शरद ठाकुर, नरेश साहू, अमित चोपड़ा, राजेश दसोड, लोकेश श्रीवास्तव, कुलदीप कत्याल, सुरेश निर्मलकर, प्रेम साहू, कौशल साहू, दुष्यंत सोनवानी, प्रदेश जैन, टिनेश्वर बघेल, रूपेश सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नपाध्यक्ष शिबू ने ...

के रूप में परिवर्तित किया जाए एवं प्रसूति, एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति करने की मांग की गई है। वहीं, झरण मंदिर के जलकुण्ड सफाई एवं सौंदर्यीकरण के लिये अनुदान राशि स्वीकृत करने तथा बीएसपी द्वारा निर्मित पायलेट प्लांट में स्थानीय बेरोजगार युवकों को नियुक्त करने की मांग की गई है। इसके साथ ही जल आवर्धन योजना के अंतर्गत अधूरे कार्य से रोड खोदकर छोड़ दिया गया है जिसे पूर्ण किया जाये। नगर में गिरते शिक्षा स्तर को सुधार करने केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की जाए, क्योंकि नगर में केन्द्रीय कर्मचारियों की संख्या अधिक है। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने उक्त मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

### विहिप व बजरंग दल ...

को लगातार सूचना दे रहे हैं व ऐसे स्थानों की जानकारी भी उपलब्ध करा रहे हैं, जहां–जहां इस प्रकार के कार्य संचालित किये जा रहे हैं। लेकिन प्रशासन द्वारा सही व उचित कानूनी कार्रवाई नहीं होने के कारण ऐसे लोगों के हौसले बुलंद है। लगातार पुलिस की मनाही व समझाइश के बावजूद कुछ लोग हर रविवार को इस प्रकार के कार्यों का आयोजन कर रहे हैं। हिंदू धर्म समाज ऐसे आयोजनों धर्म को बांटने तोड़ने का जो कुचक्र मिशनरियों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है, उसका खुलकर विरोध किया जा रहा है। इस दौरान जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, जिला मंत्री राज सोनी, सत्संग प्रमुख बोधन भट्ट, बजरंग दल उमेश सेन, भारती बांडे, पद्मिनी साहू, पूजा जैन मुरली साहू, सोना साहू सहित अन्य संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

---

विधायक ने कहा- क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता


# विधायक अनिला ने किया पेंशनर संघ के सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा






विधानसभा विधायक अनिला भेंडिया अपने दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम के तहत प्रथम दिवस पेंशनर संघ के सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। पेंशनर संघ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पेंशनरों को किसी भी कार्यक्रम के लिए स्वयं के भवन की समस्या थी, आज समाधान हो गया। उसके बाद अंडी पहुंचकर कर्मा भवन और हल्बा समाज के सामुदायिक भवन एवं गंजईडीह में कलामंच एवं सेम्हरडीह में मुक्तिधाम के भूमिपूजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। दौरा कार्यक्रम में जनसमूहों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता की सेवा मेरी पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र का विकास मेरा लक्ष्य इसके लिए मैं हमेशा आपके दुख दर्द को दूर करने सदैव तत्पर रहूंगी। क्षेत्र में किसी प्रकार के भेदभाव को पनपने नहीं दूंगी, क्षेत्र की छोटी से छोटी और बडी.से बड़ी समस्या के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहूंगी। प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढा ने कहा कि जनता के मांगो के अनुरूप सक्रियता बरतते हुए क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी।, इस अवसर पर पेंशनर संघ के अध्यक्ष सिया राम शार्वा, नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू, गोपाल प्रजापति अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस, मेघनाथ साहू, माधव गिरि गोस्वामी, नेतराम भांडेकर उप सरपंच, अटल, पेरमु नायक, डामन रात्रे, कौशल रात्रे, भोमन ठाकुर, हेमलाल पिस्दा, छत्तीसगढ़ पेंशनर संघ के प्रांतीय अध्यक्ष चेतन भारती, ब्लाक अध्यक्ष पेंशनर संघ डौडी,अर्जुन्दा ,गुरूर गुन्डरदेही मार्री,सरपंच अंडी, गंजईडीह, कोटेरा, सेम्हरडीह तथा ग्रामीण जन उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### परसोदा निवासी नागेंद्र ने 39वीं बार किया रक्तदान

**बालोद।** ग्राम परसोदा निवासी नागेंद्र सिन्हा 27 वर्ष पिता डॉ. बिसंभर सिंह सिन्हा प्रदेश कोषाध्यक्ष छ.ग. सिन्हा सामाज ने भाजपा युवा मोर्चा ब्लाक अध्यक्ष पार्थ साहू के माध्यम से जिला अस्पताल बालोद में भर्ती मरीज की जान बचाने के लिए स्वयं के व्यय से बालोद के जिला अस्पताल में पहुंच कर रक्तदान किया। इस दौरान ब्लड बैंक स्टाफ डा. अजय साहू, उत्तम टंडन, दिलीप कुमार, अभिमन्यु करपाल, हिना धुर्वे, निवीदिता साहू उपस्थित था। बिसंभर सिंह सिन्हा ने बी पॉजीटिव रक्त समूह का रक्तदान किया। नागेंद्र सिन्हा अब तक 39वीं बार रक्तदान कर चुके हैं।

### बारिश ने लगाई पहियों पर ब्रेक...



**बालोद।** जिला मुख्यालय में बारिश इतनी तेज थी कि सड़कों में सन्नाटा छा गया। पैदल चलने वालों से लेकर बाइक सवार, ऑटो रिक्शा के पहिए कुछ देर के लिए थम गए। हालांकि बंद गाड़ियां सड़कों पर चलती नजर आईं, लेकिन बारिश इतनी तेज थी कि लगभग 100 मीटर की दूरी तक धुंधला दिखाई दे रहा था। इसके कारण वाहनों की रफ्तार कम हो गई थी।

### शिकसा के सदस्यों ने दी सदाबहार नगमों की प्रस्तुति



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने पुराने गीतों का संर्वधन व पुनः याद करने के लिये शिकसा भूले बिसरे हिन्दी गीत सदाबहार नगमे कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन व विजय प्रधान कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में माधुरी करसाल मधुरिमा, चन्द्र कुमार चन्द्रा, धीरज रंगारी, रामेश्वर प्रसाद आदित्य, ओ.पी.कौशिक रतनपुरिहा, डॉ.शालिनी श्रीवास्तव, सुजीत कुमार श्रीवास्तव, सान्वी श्रीवास्तव, हेमा चन्द्रवंशी, हरमन कुमार बघेल, डॉ.प्रमोद आदित्य, राजीव गुप्ता, रामलाल कोसले, निशा गुप्ता चौधरी, मंजू लता मेरसा कृष्णा मानसी, भीखमलाल देवांगन, शिवकुमार अंगारे, रामकुमार पटेल, बुधनी अजय, सुनीता चौधरी, सुमन लता साहू, सुचिता निषाद, कविता श्रीवास, श्रीजल श्रीवास, प्रेक्षा साहू, शकुन्तला सहंश, कल्पना देवांगन, ज्योति नागरे, पुष्पांजलि ठाकुर, कुसुम जैन, संगीता शोरी, आरती ठाकुर आदि ने भूले बिसरे गीत प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का संचालक मधु कारकेल व आभार प्रदर्शन डॉ. देवांगन ने किया।

### ऑनलाइन जुआ खेल रहे युवक गिरफ्तार व रिहा

**भिलाई।** ऑनलाइन प्लेटफार्म पर जुआ खेल रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर मुचलके पर छोड़ दिया गया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जयंती नगर सड़क नंबर 3-4 के बीच दो युवक ऑनलाइन प्लेटफार्म पर जुआ खेल रहे थे। मौके पर पहुची पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर अपना नाम जयंती नगर वार्ड 16 निवासी रियाज शेख और दिनेश बंजारे होना बताया है। पुलिस ने रियाज शेख के कब्जे से मोबाइल , एक कत्था रंग का डायरी, नगदी 2690 रुपए और दिनेशसे भी मोबाइल, नगदी 2310 रुपए जब्त किया।






### झमाझम बारिश से सुहाना हुआ मौसम, किसानों ने ली राहत की सांस

बालोद। सोमवार को दोपहर में जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी झमाझम बारिश हुई। दोपहर को हुई यह बारिश खास तौर पर किसानों के लिए राहत भरी रही। किसानों को फसल के लिए पानी की काफी जरूरत है। सोमवार को सुबह से बादल छाए रहने के बाद करीब 12 बजे से बारिश शुरू हुई, जो दोपहर तक जारी रही। सोमवार को हुई बारिश से किसानों की चिंता थोड़ी कम हुई और उनके चेहरे में खुशी देखने को मिली। वहीं, आम लोगों को भी उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। जिले के अलग अलग गांवों से बारिश की तस्वीरें सामने आई हैं। ग्राम खुर्सीपार, तमोरा, मोहलाई सहित कई गांवों में झमाझम बारिश की तस्वीरें सामने आई। वहीं, कई गांवों में बारिश का पानी गड्ढों में भी भरा हुआ नजर आया। दोपहर से शुरू हुई बारिश शाम तक रुक रुककर होती रही।

**मौसम : सोमवार को जिला मुख्यालय सहित अंचल में जमकर बरसे बदरा**

# झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में दोपहर बाद हुई बारिश का नजारा देखने को मिला, अब तक खण्ड वर्षा की स्थिति देखने को मिल रही थी। सोमवार को अच्छी बारिश का नजारा देखने मिला जिससे किसान खुश नजर आ रहे हैं।

जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में लगभग 1 घंटे से ज्यादा समय तक झमाझम बारिश का नजारा देखने को मिला। इसके कारण सड़कों पर लोगों का आवागमन भी प्रभावित रहा और किसानों के लिए खुशी का पल साबित हुआ। अब खेतों में पानी का ठहराव नजर आने लगा है और नदी नालों में पानी की धार नजर आने लगी है। हालांकि पानी का बहाव अभी बहुत ही कम है, इसलिए किसानों को अभी भी और अच्छी बारिश का इंतजार है, जिससे खेतों में पानी का बहाव होता रहे। धान की बोवाई के बाद खेतों में पर्याप्त पानी नहीं होने से धान में खाद व दवाई का छिड़काव कर पाना संभव नहीं था। वहीं पर्याप्त बारिश नहीं होने कारण रोपा लगाने का कार्य प्रभावित हो रहा था। इसलिए किसान अच्छी बारिश की उम्मीद लगाए हुए थे जिनकी उम्मीद अच्छी बारिश के होने से पूर्ण हुई, बारिश के होने से उमस भरी गर्मी से भी लोगों को राहत मिली है। किसान कार्तिक राम साहू ने बताया कि दोपहर में अच्छी बारिश हुई है, जिससे खेतों में उर्वरक का छिड़काव करना फायदेमंद साबित होगा, वही रोपा लगाने के कार्यों में भी तेजी आएगी।



### धान के मुरझाते पौधों को मिली संजीवनी

**डौंडीलोहारा।** लंबे इंतजार के बाद सोमवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक तीन घंटे क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई। किसानों को कई दिनों से बारिश का इंतजार था। बादल उमड़ घुमड़ कर बरस नहीं रहे थे। फिलहाल पूरी कसर सोमवार को आसमान ने पूरी कर दी। इससे किसानों के मुरझाए चेहरों पर रौनक लौट आई है। अब कृषि कार्य में तेजी आने की संभावना है। वर्षा के नहीं होने से खेतों में खरपतवार उग गए हैं, जिन्हें खत्म करने में किसानों को अनावश्यक खर्च करना पड़ेगा, जिससे अलग से भार पड़ेगा। जिनके पास स्वयं का सिंचाई साधन है वे किसान रोपाई कर चुके हैं या करवा रहे हैं और जो किसान बरसाती पानी पर निर्भर है उनके लिए यह वर्षा वरदान साबित होगी।

## छत्तीसगढ़ ड्रायवर महासंघ के जिलाध्यक्ष चुने गए भूपेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला मुख्यालय स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में छत्तीसगढ़ ड्रायवर महासंघ का जिला स्तरीय चुनाव रविवार को हुआ। इस दौरान संगठन से जुड़े जिले के ड्रायवरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

चुनाव संपन्न कराने के लिए महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष प्रीतम सेन, महासचिव हीरासिंह नेताम, प्रदेश मंत्री अनुपदास मानिकपुरी, सहसचिव अभिराम क्षत्रिय, कोषाध्यक्ष हेमनाथ देवांगन, दुर्ग संभाग प्रभारी विनोद दुबे और धमतरी महासचिव सोमनाथ साहू, कोषाध्यक्ष नोहर सिंह साहू, संरक्षक रोशन लाल मौजूद रहे। चुनाव में संगठन से जुड़े अलग-अलग लोगों ने उम्मीदवारी की। उनमें भूपेन्द्र साहू जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए। वहीं, उपाध्यक्ष पद के लिए कमल साहू, सचिव लोमश कोठारी, सह सचिव सुखीत राम कुंजाम, कोषाध्यक्ष गुहाराम निषाद, संगठन मंत्री महेश कुमार साहू, संरक्षक गिरवर सिंह कंवर, जिला प्रभारी देवेन्द्र यादव, मीडिया प्रभारी योगेश्वर सिंघारे, कार्यालय प्रभारी त्रिलोक यादव व संलालक पद के लिए रतन लाल साहू नियुक्त हुए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रदेश पदाधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## चैंबर ऑफ़ कॉमर्स बालोद की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चैंबर ऑफ़ कॉमर्स बालोद की बैठक नगर के दुर्गा मंदिर स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स दुर्ग जिला के अध्यक्ष एवं दुर्ग संभाग के समन्वय संगठन मंत्री पवन बड़जात्या विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में जीएसटी के संदर्भ में नई जानकारी सहित नए सदस्यों को जोड़ने के लिए मार्गदर्शन दिया।

चैबर ऑफ़ कॉमर्स बालोद के अध्यक्ष राजू भाई पटेल ने रायपुर में बन रहे होलसेल कॉरिडोर केंद्र में बालोद सहित छोटे-छोटे शहरों के व्यापारियों को पर्याप्त जगह देने की मांग रखी। इस बैठक में मुख्य रूप से राजू भाई पटेल, मोहन नाहटा, हेमन्त बाफना, किशोर भाई पटेल, श्रवण टावरी, हरेश आहूजा, मनोज चांडक, सुनील जैन, प्रफुल पटेल, संजय जैन, भवानीशंकर शर्मा, दिनेश तापड़िया उपस्थित थे।

### तिलखैरी में मां शीतला मंदिर में हुआ जुडवास



**बालोद/कलंगपुर।** सोमवार आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष को ग्राम तिलखैरी में देवी शीतला के मंदिर में जुड़वास या माता पहुँचानी का विशेष पर्व मनाया गया। गांव के वरिष्ठ धनराज साहू के अनुसार यह विशेष पूजा गांव में सुख–शांति और समस्त रोगों के निवारण व मनवांछित फल प्राप्ति के लिए की जाती है। कार्यक्रम में ग्राम के सुरेश, विष्णु ठाकुर, चमन लाल, परमेश्वर सहित ग्रामीण शामिल हुए।

## सरस्वती शिशु मंदिर बालोद में मनाया गया वन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



पेड़ लगाए, जीवन बचाएं, इस धरती को स्वर्ग बनाएं, थीम को लेकर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद में वन महोत्सव पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भैया बहनों के द्वारा लाए हुए पीला कनेर, सफेद कनेर, मोगरा, सजावटी पौधे क्रोटन, बोगेनविलिया (कागजफूल), मीठा नीम, नींबू, चीकू, रुद्राक्ष, चंदन, गरुड़, आम, पपीता, बेल, शहतूत, गेंदा, बोलिविया (चिरैया) पौधों का विद्यालय परिसर एवं सरयू प्रसाद मिनी स्टेडियम के किनारे रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें पेड़-पौधे बचाने से संबंधित स्लोगन, गीत, कहानी का वाचन हुआ। भैया-बहनों के लिए पौधारोपण पर निबंध एवं चित्रकला का आयोजन किया गया, जिसे प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी स्मारिका 2024 के रूप में संरक्षित रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लीलाधर साहू ने सूखी धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार स्लोगन के साथ पौधारोपण का महत्व बताया। उन्होंने पौधे लगाकर उन्हें सुरक्षित रखने के लिए भैया बहनों को शपथ दिलाई। विद्यालय के प्राचार्य दीनदयाल साहू ने सभी भैया बहनों आचार्य परिवार से अपने–अपने घरों में एक–एक पौधा अवश्य लगाने का आग्रह किया।

### बोरी महाविद्यालय में किया गया पौधारोपण



**अंडा।** बोरी महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य दुर्ग जितेन्द्र साहू थे। वहीं, कृष्णा पटेल, अरविंद पटेल, भीष्म पटेल, पितोश वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर ने वृक्षारोपण का महत्व बताया। वहीं, अतिथियों ने छात्रों को पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राणीशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष कविता ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक डॉ.मीना चक्रवर्ती, सुरेन्द्र मेहर, भागवत कुर्रे, डॉ. समीर जायसवाल, डॉ. संगीता शर्मा, मोहित कुमार एवं समस्त कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

### श्रीराम वाटिका में मनाया गया पौधों का जन्मदिन

**बालोद।** गायत्री मंदिर में 1 कुण्डीय यज्ञ के बाद पांडे पारा में 2 वर्ष पूर्व लगाए गए पौधों की मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर गायत्री परिवार द्वारा वृक्ष का जन्म दिवस मनाया गया। इस उद्यान का नाम श्री राम वाटिका रखा गया है। इस अवसर पर दशरथ कलिहारी, लोचन, आरपी यादव, मुकेश साहू, मेघघनाथ साहू, ऋषि ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, पुष्पा यादव, दिलेश्वरी साहू, नारद साहू उपस्थित थे। उक्त स्थल पांडेपारा में दंतेश्वरी मंदिर से आगे हीरापुर मार्ग पर स्थित है। जिसे आरपी यादव द्वारा तैयार किया जा रहा है।



### शासकीय विद्यालय मुढ़िया में पालक समिति गठित



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय माध्यमिक शाला मुढ़िया में शाला प्रबंधन समिति के साथ पालक मीटिंग का आयोजन किया गया था। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा पालक समिति का गठन किया गया। बैठक में सरपंच व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के साथ पालक उपस्थित थे। जहां शिक्षण गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी गई।

### बाल संस्कार शाला के आचार्यों को दिया गया प्रशिक्षण



**बालोद।** शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार पूरे भारत में बाल संस्कार आचार्यों का प्रशिक्षण प्रारंभ है। इसी क्रम में गायत्री शक्ति पीठ बालोद में ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण पीलू राम साहू, वीरेंद्र साहू और रेणुका गंजीर ने दिया। प्रशिक्षण में बालोद, करहीभदर, बरही, बोरी, नेवारीकला, झलमला, पांडेपारा, कुंदरूपारा, आमपारा, शिकारी पारा, कुर्मीपारा से 45 आचार्य उपस्थित थे। ब्लाक समन्वयक लोचन साहू, बाल संस्कार



ब्लाक प्रभारी मुकेश साहू, टीआर साहू, कांति साव, युगल साहू, राज श्री पटेल, हेमवती सिहारे, पुष्पा यादव, अमृत सोनी, मोना साहू, आरपी यादव, नगर हीरक मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**तैयारियों को लेकर ग्राम सिवनी बालोद में हुई समाज की बैठक**

# जिला देवांगन समाज का चुनाव 18 अगस्त को, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला देवांगन की बैठक मां परमेश्वरी भवन ग्राम सिवनी बालोद में बैठक रखी गई। बैठक में जिले भर के सभी ब्लॉक के पदाधिकारियों को देवांगन मतदाता सूची 20 जुलाई तक जमा करने एवं 31 जुलाई तक मतदाता सूची को प्रकाशन करने को कहा। आगामी चुनाव तारीख 18 अगस्त रविवार को रखने की घोषणा की गई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

बता दें कि बालोद जिले में देवांगन समाज अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के तीन वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने को है। उसके बाद चुनाव की प्रक्रिया फिर से होनी है, जिसमे मतदाता सूची सभी ब्लॉक से मंगाई गई है। वहीं महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का चुनाव होना है। जिसके अंतर्गत अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष, एक पद सचिव एवं दो पद सहसचिव के लिए चुनाव की प्रक्रिया होनी है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष पोषण देवांगन, देवांगन समाज बालोद के जिला अध्यक्ष केदार देवांगन, सचिव बेदलाल देवांगन, एमएल देवांगन, पंचु राम देवांगन, नरेन्द्र देवांगन, दीपक देवांगन, सुरेंद्र देवांगन, लक्ष्मण देवांगन, टिकेंद्र देवांगन, दिनेश देवांगन, मूलचंद देवांगन, टुकेश्वर देवांगन, किशन लाल देवांगन, हेमंत देवांगन, श्याम लाल देवांगन, गोकुल देवांगन, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष केशर देवांगन, मोहिनी देवांगन, भारती देवांगन, संगीता देवांगन, रामेश्वरी देवांगन बालोद जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष सचिव एवं अन्य पदाधिकारीगण एवं कार्यकारिणी युवा प्रकोष्ठ सामाजिक बंधु एवं महिलाएं उपस्थिति थे।



### कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए जिलाध्यक्ष ने जताया आभार

जिला अध्यक्ष केदार देवांगन ने ग्राम सिवनी में परमेश्वरी भवन निर्माण एवं पिछले तीन साल के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए सामाजिक बंधुओं का सहयोग मिलने पर आभार जताया। उन्होंने समाज की एकता के विषय में सारगर्भित बातें रखी। जिले के संरक्षक बीएल देवांगन ने केदार देवांगन के कार्यकाल को सराहा। उन्होंने कहा कि अब तक के जितने भी बालोद जिले में अध्यक्ष रह चुके, निर्विवाद रूप से कार्यकाल पूरा किया है और जिले भर के निर्वाचित अथवा निर्विरोध पदाधिकारियों को आगे भी इसी अपेक्षा के साथ कार्य करने की बात कही।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ग्रेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है